RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार, 09 फरवरी 2023 | वर्ष 04 | अंक 254 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक

# रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# 27 फरवरी से 25 मार्च तक, विधानसभा बजट सत्र



## डिप्टी CM फडणवीस 9 मार्च को पेश करेंगे राज्य का बजट

**मुंबई :** महाराष्ट्र से मिली एक बड़ी खबर के अनुसार इस बार महाराष्ट्र विधानसभा का बजट सत्र आगामी 27 फरवरी से 25 मार्च तक चलेगा. इसके साथ ही राज्य का साल 2023-2024 का बजट आगामी 9 मार्च को पेश किया जाएगा। गौरतलब है कि उक्त निर्णय महाराष्ट्र विधानसभा की बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में हुए. जिसमे मुख्य रूप से महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, डिप्टी उट देवेंद्र फडणवीस, स्पीकर, डिप्टी स्पीकर भी विधानसभा की बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में शामिल हुए।

इस पर मिली जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र विधानसभा का बजट सत्र आगामी 27 फरवरी से शुरू होगा। यह सत्र 25 मार्च तक चलेगा। वहीं 9 मार्च को बजट पेश किया जाएगा. राज्य के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री देवेंद्र फडणवीस बजट पेश करेंगे। जानकारी हो कि सत्ता में आने के बाद शिंदे-फडणवीस सरकार का यह पहला बजट होना है।


वहीं उक्त बजट सत्र में आगामी 9 मार्च को दोपहर 2 बजे राज्य का बजट पेश किया जाएगा। हालांकि उससे पहले 8 मार्च को महाराष्ट्र की वित्तीय निरीक्षण रिपोर्ट भी महाराष्ट्र सदन में पेश की जाने वाली है. वर्तमान में राज्य मंत्रिमंडल की संरचना में कोई राज्य मंत्री नहीं है। इसलिए यह सवाल उठाया जा रहा है कि यदि मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं किया गया और सत्र से पहले वित्त राज्य मंत्री की नियुक्ति नहीं की गई तो विधान परिषद में इस जरुरी बजट कौन पेश करनबे वाला है।

गौरतलब है कि इससे पहले राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस अब तक मुख्यमंत्री, गृह मंत्री, विपक्ष के नेता, उपमुख्यमंत्री जैसे कई अहम और जरुरी पदों पर कार्य संपादित अब बतौर वित्त मंत्री यह उनका पहला बजट होगा। इसलिए फडणवीस के नजरिए से और राज्य के लिए यह बजट बेहद ही अहम माना जा रहा है। वहीं खुद उपमुख्यमंत्री फडणवीस ने जनता से भी सुझाव मांगे हैं, ताकि इस बजट में जनता के सुझावों का भी प्रतिबिंब हो।

# अवैध मकान गिराने के लिए इंजीनियर ने 8.5 लाख रुपये की रिश्वत ली

## रंगेहाथ दो गिरफ्तार

**मुंबई :** महाराष्ट्र के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मुंबई नगर निकाय बीएमसी के एक इंजीनियर समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इंजीनियर पर एक अवैध मकान को गिराने से बचाने के लिए 8.5 लाख रुपये की रिश्वत लेने का आरोप है। यह जानकारी एक अधिकारी ने बुधवार को दी। एसीबी अधिकारी ने कहा कि बीएमसी ने 16 जनवरी को उपनगरीय बांद्रा में 2 मंजिला घर को गिराने के लिए मकान मालिक को नोटिस भेजा था। नोटिस में



उसकी संरचना अनधिकृत बताई गई। मकान मालिक ने स्थानीय वार्ड (एच/पश्चिम) के इंजीनियर मोहन राठौड़ से मुलाकात की। इंजीनियर ने गलत तरीके से बनाए गए उनके घर को ढहाने से बचाने के लिए 15 लाख रुपये की मांग की, लेकिन बातचीत के बाद 8.5 लाख रुपये की राशि इंजीनियर को देनी तय हुई। अधिकारी ने कहा कि सोमवार को घर के मालिक द्वारा संपर्क किए जाने के बाद एसीबी ने जाल बिछाया और राठौड़ को गिरफ्तार कर लिया क्योंकि उसने एक निजी व्यक्ति के माध्यम से 8.5 लाख रुपये की रिश्वत ली थी। उन्होंने कहा कि इंजीनियर और एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

# बड़े अफसर की बेटी को बुलाकर की अश्लील हरकत...

## मुंबई पुलिस ने किया अरेस्ट

**मुंबई :** मुंबई में मंत्रालय में पदस्थ एक उच्चस्तरीय अफसर की बेटी को एक कार ड्राइवर ने एड्रेस पूछने के बहाने पास बुलाया. इसके बाद ड्राइवर उसके सामने अश्लील हरकत करने लगा. जब यह घटना हुई, उस समय पीड़ित लड़की के मोबाइल की वीडियो रिकॉर्डिंग ऑन थी, इससे पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई. पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है.



आरोपी की पहचान 23 वर्षीय अब्दुल अहमद गौस मोहम्मद रहीनी के रूप में की गई है. बताया जा रहा है कि 6 जनवरी की रात 9 बजे पीड़ित लड़की हाजी अली से गुजर रही थी. उसी दौरान एक कार कंपनी में पिकअप और ड्रॉप का काम करने वाले ड्राइवर ने लड़की को पता पूछने के बहाने पास बुलाया. इस दौरान लड़की को शक हुआ तो वह अपने मोबाइल में वीडियो रिकॉर्डिंग शुरू करके ड्राइवर के पास पहुंची. लड़की जब पास आई तो ड्राइवर ने उसके सामने अश्लील हरकत करना शुरू कर दिया. यह घटना लड़की के मोबाइल में कैद हो गई. पीड़िता ने शोर मचाना शुरू किया तो आरोपी ड्राइवर वहां से फरार हो गया.

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# संसद में अदाणी...

अंततः राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के बहाने संसद चल निकली, लेकिन जैसा कि अपेक्षित था कि उसमें भी अदाणी मामले की गूंज सुनाई दी। राहुल गांधी ने इस मामले को जोर-शोर से सदन में उठाया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। सत्तापक्ष के तेवरों से यह स्पष्ट है कि वह राहुल गांधी और अन्य नेताओं की ओर से उठाए गए सवालों का जवाब देने के लिए तैयार है। कहना कठिन है कि इस जवाब से अदाणी समूह को लेकर उभरा विवाद शांत होगा या नहीं, लेकिन यह ठीक नहीं कि इस विवाद के बहाने उद्योगपतियों को खलनायक साबित करने की कोशिश की जा रही है। यह शुभ संकेत नहीं। देश के विकास में उद्योगपतियों की भी एक बड़ी भूमिका है, लेकिन विपक्ष और विशेष रूप से कांग्रेस की ओर से रह-रहकर ऐसा माहौल बनाया जाता है कि उद्योगपति सरकार की सहायता से देश को ठगने-लूटने का काम कर रहे हैं। यह इसलिए ठीक नहीं, क्योंकि इससे उद्योगपतियों के साथ उद्यमशीलता के विरुद्ध भी वातावरण बनता है। ऐसा वातावरण न बनने पाए, इसके प्रति विपक्ष को भी सतर्क रहना होगा और सत्तापक्ष को भी। विपक्षी दल इसकी अनदेखी नहीं कर सकते कि अदाणी समूह केवल भाजपा शासित राज्यों में ही नहीं, अन्य दलों और यहां तक कि कांग्रेस शासित राज्यों में भी काम कर रहा है। एक तथ्य यह भी है कि गुजरात में एक उद्योग समूह के रूप में अदाणी का उभार तब हुआ, जब केंद्र और राज्य में कांग्रेस सत्ता में थी।

अदाणी मामले का पटाक्षेप चाहे जिस रूप में हो, इसे एक बड़े विवाद के रूप में उभरने से रोका जा सकता था, यदि नियामक संस्थाओं की ओर से समय रहते यानी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सामने आते ही सारी चीजें स्पष्ट कर दी जातीं। इस मामले ने केवल इसलिए तूल नहीं पकड़ा, क्योंकि हिंडनबर्ग ने एक सनसनी पैदा करने वाली रिपोर्ट दी, बल्कि इसलिए भी पकड़ा, क्योंकि पिछले कुछ समय में अदाणी समूह का अप्रत्याशित उभार हुआ। इसके अतिरिक्त कोविड की मंदी के बावजूद अदाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में आश्चर्यजनक ढंग से तेजी आई। अदाणी समूह पर एक आरोप यह भी है कि उसने पारदर्शिता की अनदेखी कर अधिकतम सीमा तक शेयर अपने पास रखे और अपने शेयरों का अधिक मूल्यांकन किया। कायदे से सेबी को इन सब आरोपों का जवाब तत्परता से देना चाहिए था। इसलिए और भी, क्योंकि अदाणी समूह की ओर से दिया गया जवाब सभी सवालों का समाधान नहीं कर सका। स्पष्ट है कि यदि सेबी अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह समय रहते सही तरीके से करता तो जो विवाद खड़ा हुआ, उससे बचा जा सकता था। कम से कम अब तो सेबी और अन्य नियामक संस्थाओं को चेतना ही चाहिए, क्योंकि जो कुछ हो रहा है, उसमें उनकी सुस्ती का भी हाथ है।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# रिसॉर्ट बुकिंग के नाम पर लाखों की ठगी

## एक आरोपी गिरफ्तार, दहिसर पुलिस ने की कार्रवाई

**मुंबई :** एक हाई प्रोफाइल रिजॉर्ट के नाम से फर्जी वेबसाइट बनाकर लाखों की ठगी करने वाले एक आरोपी को दहिसर पुलिस की साइबर सेल ने घाटकोपर पूर्व से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आकाश रूपकुमार जाधव (23) के रूप में हुई है, इसके पास से मोबाइल फोन और अन्य दस्तावेज जब्त किया गया है। इसका भाई संदिग्ध आरोपी अविनाश जाधव (21) अभी फरार है, इसके खिलाफ धोखाधड़ी के 17 से अधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। पुलिस के मुताबिक, दोनों भाइयों ने मिलकर महाराष्ट्र और गुजरात के कई लोगों के साथ ठगी की है।




### फर्जी वेबसाइट बनाकर कर रहे थे ठगी

पुलिस के मुताबिक दोनों भाई आकाश और अविनाश हाईप्रोफाइल रिजॉर्ट जैसी फर्जी वेबसाइट बनाकर रिजॉर्ट बुकिंग के नाम पर लोगों से लाखों रुपए की ठगी कर रहे थे। इन दोनों भाइयों ने महाराष्ट्र और गुजरात में करीब एक दर्जन लोगों से लाखों रुपए की ठगी की है। एक फैशन डिजाइनर ने दहिसर साइबर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, फैशन डिजाइनर ने अपना 31वां जन्मदिन मनाने के लिए मुंबई में विस्तारा स्टे रिजॉर्ट बुक करने के लिए वेबसाइट का इस्तेमाल किया था। नए साल के दौरान वेबसाइट आकर्षक ऑफर्स देखकर डिजाइनर ने तीन दिन के लिए रिजॉर्ट बुक करने के लिए 1 लाख 20 हजार रुपए ऑनलाइन जमा किए थे।

### दहिसर पुलिस ने किया गिरफ्तार

28 दिसंबर को जब अभियोजक ने रिसॉर्ट के खाने के मेन्यू के बारे में पूछा तो आरोपी आकाश जाधव ने कहा कि हमारे रिसॉर्ट में एक बच्चे की मौत हो गई थी और बीएमसी ने रिसॉर्ट को बंद कर दिया है। उसने कहा कि वह बुकिंग के पैसे वापस कर देगा, हालांकि, एक माह बीत जाने के बाद भी रुपए नहीं लौटाए जाने पर फैशन डिजाइनर की शिकायत पर मामला दर्ज किया और उसके बाद हकीकत सामने आई है। दहिसर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे फरार आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

# आव्हाड की जीभ काटने वाले को 10 लाख रुपये का इनाम, भाजपा नेता ने किया ऐलान




**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के जालना जिले से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक पदाधिकारी ने छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता जितेंद्र आव्हाड की जीभ काटने वाले को 10 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।


आव्हाड के खिलाफ जालना में विरोध प्रदर्शन के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए, जिला भाजपा के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा के अध्यक्ष कपिल दहेकर ने इनाम की घोषणा की। हालांकि, प्रदेश भाजपा के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को दहेकर के बयान से पार्टी को यह कहते हुए अलग कर लिया कि पार्टी ऐसी हिंसक प्रतिक्रियाओं का समर्थन नहीं करती है।

# मुंबई की अंडर कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग पर लटककर पान मसाला खाता दिखा वर्कर

**मुंबई :** वैसे तो मुंबई से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं, लेकिन हाल ही में एक ऐसा वीडियो सामने आया है, जिसे देखकर लोग खुद को हंसने से रोक नहीं पा रहे हैं. दरअसल,



इस वीडियो में एक कंस्ट्रक्शन वर्कर मुंबई की निमार्णाधीन बिल्डिंग में काम से फुर्सत निकालकर पान मसाला खाते नजर आ रहे हैं. इस वीडियो को देखकर लोग खूब ठहाके लगा रहे हैं. सोशल मीडिया पर भी यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. वीडियो में देखा जा सकता है कि एक कंस्ट्रक्शन वर्कर मुंबई की निमार्णाधीन बिल्डिंग में काम कर रहा है. इसके बाद वह काम से फुर्सत निकालकर पान मसाला खाता नजर आ रहा है. इस वीडियो को देखकर लोग हंसने पर मजबूर हो रहे हैं. बता दें कि इससे पहले भी पान मसाला को लेकर कई मीम शेयर किए जा चुके हैं. इस वीडियो पर लोग अपने-अपने अंदाज में रिएक्शन भी शेयर रहे हैं. बता दें इस वीडियो को अब तक हजारों लोग पसंद कर चुके हैं. वहीं, लोगों का रिएक्शन देना लगातार जारी है. वीडियो देखकर यूजर जमकर अपना रिएक्शन दे रहे हैं. एक यूजर ने लिखा, 'बेहद मजेदार वीडियो', एक और यूजर ने लिखा, 'दाने-दाने पर पान मसाले का स्वाद', एक और यूजर ने लिखा, 'पान मसाला ही एनर्जी का सोर्स है.' इस पोस्ट पर अब तक हजारों लोगों ने कमेंट किया है. वीडियो को देखकर लोग हंसने पर मजबूर हो रहे हैं.



# मुंबई लोकल ट्रेन में महिला ने दिया बच्चे को जन्म

## महिला यात्रियों ने कराई सेफ डिलीवरी...





**मुंबई :** एक महिला मुंबई के कसारा से मुंबई जा रही थी. सफर के दौरान महिला ने मुंबई की लोकल ट्रेन में बच्चे को जन्म दिया है.महिला कसरा से मुंबई जा रही मुंबई लोकल ट्रेन में सफर कर रही थी. यात्रा के दौरान महिला ने बच्चे को जन्म दिया. इस दौरान महिला यात्रियों और महिला कॉन्स्टेबल ने काफी मदद की. इस मामले को लेकर टिटवाला लोहमार्ग पुलिस ने बताया कि मां और बच्चे दोनों ही स्वस्थ हैं. दोनों को प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है. एक जानकारी के मुताबिक महिला वाकचौरे शाहपुर तालुका के आटगाव इलाके में रहती है.

जानकारी के मुताबिक महिला आटगाव से लोकल ट्रेन में सफर कर के मुंबई जा रही थी. महिला मुंबई मेडिकल जांच के लिए जा रही थी. महिला मुंबई लोकल ट्रेन से मुंबई जा रही थी इसी दौरान टिटवाला रेलवे स्टेशन पर अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गया. ट्रेन में सवार यात्रियों ने इसकी सूचना रेलवे पुलिस को दी. सूचना मिलते ही महिला पुलिस मौके पर पहुंची. महिला जीआरपी और आरपीएफ के सहयोग से डिलीवरी कराई गई.

पुलिस ने बताया कि मां और बच्चे दोनों स्वस्थ हैं. दोनों को एक हॉस्पिटल में भर्ती करवा दिया गया है. महिला पुलिसकर्मियों की मदद और महिला यात्रियों की मदद से डिलीवरी कराई गई. हालांकि ये मामला पुराना है, जिसके बारे में अब चर्चा हो रही है.

**चलती ट्रेन में महिला ने दिया बच्चे को जन्म**

कुछ दिन पहले ही एक और महिला ने मुंबई की लोकल ट्रेन में सफर के दौरान बच्चे को जन्म दिया था. बता दें कि कुछ ही दिन पहले एक महिला मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल से ठाणे स्टेशन की तरफ जाने वाली लोकल ट्रेन में एक महिला सफर कर रही थी. सफर के दौरान महिला के पेट में अचानक से दर्द उठा और प्रसव पीड़ा के चलते महिला ने चलती ट्रेन में बच्चे को जन्म दे दिया. एक रिपोर्ट के मुताबिक रेलवे पुलिस ने मां और बच्चे दोनों को ठाणे रेलवे स्टेशन पर लेलने के वन रुपी क्लिनिक ले जाया गया. दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया. जहां दोनों का इलाज चला और प्राथमिक देखभाल की गई. रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि ट्रेन जब सीएसटी से ठाणे की ओर बढ़ रही थी, तब अचानक महिला के पेट में दर्द होने लगा और प्रसव पीड़ा शुरू हो गई. महिला ने चलती ट्रेन में ही बच्चे को जन्म दिया. मां और बच्चे को एक रुपए क्लिनिक से सरकारी अस्पताल में रेफर कर दिया गया. एक रिपोर्ट के मुताबिक मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं.

# सुबह जिसकी खबर छापी दोपहर को उसने कार से पत्रकार को मारी टक्कर, मौत हो गई





**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में पत्रकार शशिकांत वारिशे की मौत का मामला गरमाता जा रहा है. रत्नागिरी जिले में 7 फरवरी को एक सड़क हादसे में घायल होने के बाद शशिकांत की मौत हुई. हालांकि पत्रकार संगठन और कई अन्य लोग इसे 'हत्या' बता रहे हैं. शशिकांत वारिशे 'महानगरी टाइम्स' अखबार के लिए काम कर रहे थे. 6 फरवरी को एक थार कार से टक्कर के बाद शशिकांत बुरी तरह घायल हुए थे और 7 फरवरी को अस्पताल में उनकी मौत हुई थी. बताया जा रहा है कि थार का ड्राइवर वही व्यक्ति था जिसके खिलाफ 6 फरवरी को शशिकांत ने खबर लिखी थी. थार चला रहे व्यक्ति का नाम पंढरीनाथ आंबेरकर है. रत्नागिरी पुलिस ने उसे संदिग्ध आरोपी के रूप में गिरफ्तार किया. बाद में उसे 7 दिनों के लिए पुलिस हिरासत में भेजा गया. आंबेरकर के खिलाफ पहले क्ढउ की धारा-304 (गैर-इरादतन हत्या) का केस दर्ज हुआ. बाद में पुलिस ने धारा-320 (हत्या) का मामला भी जोड़ दिया. मीडिया संगठनों ने दावा किया है कि आंबेरकर एक जमीन कारोबारी है.

# मुंबई में एक शख्स से 8 लाख से ज्यादा की ठगी

## जालसाजों ने दिया वीडियो लाइक के बदले पैसे देने का लालच




**मुंबई :** सोशल मीडिया के जरिए लोग अब आसानी से एक दूसरे से कनेक्ट हो रहे हैं. ये प्लेटफॉर्म कई लोगों के लिए कमाई का जरिया भी बन गया है. सोशल मीडिया पर यूजर्स की तादाद बढ़ने के साथ-साथ ठगी के मामलों में भी इजाफा हुआ है. कुछ ऐसा ही हैरान करने वाला मामला मुंबई से सामने आया है. एक रिपोर्ट के मुताबिक अंधेरी पूर्व के एक 38 साल के शख्स को YouTube को लाइक करने का पहले झांसा दिया गया. फिर उससे 8 लाख रुपये से अधिक की ठगी की गई.

पीड़ित का कहना है कि 3 फरवरी को एक धोखेबाद ने उसे एक टेक्स्ट मैसेज किया. इसमें उसे कहा गया कि उसे वीडियो को लाइक करना है. बदले में उसे 50 रुपये मिलेंगे. फिर उसे टेलीग्राम मैसेंजर इंस्टॉल करने के लिए कहा गया. इसके बाद उसे एक ग्रुप में जोड़ा गया और कहा गया कि लाइक किए गए वीडियो का स्क्रीनशॉट शेयर करो.

**पीड़ित ने पुलिस से की मामले की शिकायत**

पुलिस को दिए अपने बयान में शिकायतकर्ता ने कहा कि उस जिस ग्रुप में एड किया गया वहां 50 से ज्यादा मैंबर थे. एक व्यक्ति को छोड़कर सभी के इंटरनेशनल नंबर थे. जालसाज ग्रुप में वीडियो शेयर करते थे और उसके मेंबर लाइक करने के बाद स्क्रीनशॉट शेयर करते थे. शिकायतकर्ता ने बताया कि बाद में मुझे एक इंचरनेशनल कॉल आया और मेरे बैंक डिटेल मांगा गया.

# सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में बैन के खिलाफ रैपिडो को राहत देने से किया इनकार




**मुंबई :** सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को रैपिडो कंपनी को दोपहिया बाइक टैक्सी एग्रीगेटर लाइसेंस देने से महाराष्ट्र सरकार के इनकार को चुनौती देने वाली अपील पर विचार करने से इनकार कर दिया.मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि 2019 में मोटर वाहन अधिनियम में किए गए संशोधनों में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि वैध लाइसेंस के बिना एग्रीगेटर काम नहीं कर सकता है.

बेंच, जिसमें जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला भी शामिल हैं, ने कहा कि पुणे आरटीओ ने दिसंबर 2022 में लाइसेंस के लिए कंपनी की याचिका को खारिज कर दिया था. रैपिडो ने बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया, जिसने कंपनी को दोपहिया बाइक टैक्सी एग्रीगेटर लाइसेंस देने से राज्य सरकार के इनकार के खिलाफ उसकी याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया. शीर्ष अदालत ने कंपनी को महाराष्ट्र द्वारा जारी 19 जनवरी की अधिसूचना को चुनौती देने के लिए उच्च न्यायालय जाने की स्वतंत्रता दी, और उच्च न्यायालय से यह भी जांच करने के लिए कहा कि यह पहले के आदेश से प्रभावित नहीं है. राज्य सरकार ने कहा था कि बाइक टैक्सी के लाइसेंस को लेकर कोई नीति नहीं है और किराया ढांचा नीति नहीं है. इसने उच्च न्यायालय के समक्ष तर्क दिया कि राज्य में बाइक टैक्सी के लिए दिशानिर्देश विकसित करने पर विचार करने के लिए एक समिति गठित की गई है. उच्च न्यायालय ने कंपनी को यह देखते हुए सेवाओं को तुरंत निलंबित करने का निर्देश दिया था कि वह महाराष्ट्र सरकार से लाइसेंस प्राप्त किए बिना काम कर रही थी.

# 'शिंदे और फडणवीस को गलियों में चलने को कर देंगे मजबूर'

# आदित्य ठाकरे ने फिर भरी हुंकार

**मुंबई :** शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने मंगलवार को दावा किया कि वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस को मुंबई में वर्ली विधानसभा क्षेत्र की गलियों में उतरने को मजबूर कर देंगे और चुनाव भी जीतेंगे. राज्य के पूर्व मंत्री दक्षिण मुंबई में स्थित वर्ली में मुख्यमंत्री के पूर्वनियोजित कार्यक्रम से कुछ घंटों पहले लोगों को संबोधित कर रहे थे. आदित्य ठाकरे ने कहा, ''मेरे विधानसभा क्षेत्र में बैठक है. मैं अपनी सीट से इसलिए जीता, क्योंकि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री संयुक्त रूप से वहां रैली करने पहुंचे थे. जब भी चुनाव होगा मैं उन्हें गलियों में




उतरने को मजबूर कर दूंगा. इसके बावजूद वर्ली और महाराष्ट्र में भी जीत मेरी होगी.'' गौरतलब है कि पिछले सप्ताह आदित्य ठाकरे ने शिंदे को वर्ली सीट से चुनाव लड़ने की चुनौती दी थी. वहीं, नासिक में आदित्य ठाकरे ने कहा कि ह्लजब लियोन मेस्सी या क्रिस्टियानो रोनाल्डो फुटबॉल के मैदान पर होते हैं तो प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाड़ी उन्हें घेरने का प्रयास करते हैं. उन्होंने कहा, ऐसे ही जब सचिन तेंदुलकर बल्लेबाजी करते थे तो उनके लिए खास फील्डिंग होती थी, लेकिन मैं छक्का लगाऊंगा और जीत भी मेरी होगी.''

**एक नेता ने आदित्य ठाकरे पर पथराव का किया दावा**

वहीं, शिवसेना (उद्धव बाला साहेब ठाकरे) के एक वरिष्ठ नेता का दावा है कि औरंगाबाद में जब आदित्य ठाकरे जनसभा को संबोधित कर रहे थे, उनपर पथराव किया गया. हालांकि, पुलिस के एक अधिकारी का कहना है कि दो प्रतिद्वंद्वी गुटों में पत्थरबाजी हुई थी. पथराव की कोई घटना नहीं हुई है. महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता अम्बादास दानवे ने ट्वीट किया कि जब वे लोग महलगांव में सभा स्थल से निकल रहे थे तो तीन-चार पत्थर उनकी ओर फेंके गए. उन्होंने कहा कि यह हिन्दुओं और दलितों के बीच झगड़ा करवाने का प्रयास है और हम इसकी निंदा करते हैं. हालांकि, जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कलवानिया ने पथराव की घटना से इंकार किया है. उन्होंने कहा कि सिर्फ दो गुटों में पत्थरबाजी हुई है.


# ठाणे में पुलिस ने ऐसे पकड़ा चोर और सुलझ गए चोरी के आठ मामले



**ठाणे :** महाराष्ट्र के नवी मुंबई पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके पास से घरों से चुराई गई 9.57 लाख रुपये मूल्य की वस्तुएं बरामद करने का दावा किया है। पुलिस ने इसके साथ ही चोरी के आठ मामलों को सुलझाने का दावा किया है। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम वासी) विवेक पनसारे ने मंगलवार को संवाददाताओं को बताया कि पुलिस जांच दल ने कई सुरागों पर काम किया। उन्होंने कहा कि इस दौरान नवी मुंबई के कोपरखैरन, घनसोली और बोनकोंडे गांव के 90 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला गया। जिसके बाद यह बड़ी कामयाबी हाथ लगी। उन्होंने बताया कि अंकुश धागे (36) और बबलू बंगाली (30) नामक आरोपियों के पास से 9.57 लाख रुपये मूल्य की चुरायी गयी चीजें बरामद की गयीं। धागे एक वाहन चालक के तौर पर काम करता है। अधिकारी ने बताया कि सामने आये ये मामले कोपरखैरन पुलिस थाने में दर्ज किये गये थे। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# गोरेगांव में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

## नाबालिग सहित 2 युवतियों को बचाया गया, दलाल गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई के गोरेगांव इलाके में धड़ल्ले से चल रहे एक वेश्यावृत्ति रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। आरोप है कि शहर के एक आवासीय कॉलोनी में स्थित फ्लैट में देह व्यापार हो रहा था। अधिकारियों ने बताया कि मुंबई पुलिस की समाज सेवा शाखा ने रविवार को गोरेगांव में उस फ्लैट पर छापा मारा। मौके से एक महिला को गिरफ्तार किया गया है और एक नाबालिग सहित दो अन्य को बचाया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को खबर मिली थी कि 35 वर्षीय एक महिला गोरेगांव (पश्चिम) की एक कॉलोनी में फ्लैट के अंदर देह व्यापार का धंधा चला रही है। इसके बाद पुलिस की एक टीम को फ्लैट पर भेजा गया और छापेमारी की गई। फ्लैट से वेश्यावृत्ति रैकेट चलाने वाली महिला को पकड़ा गया है, जबकि दो महिलाओं को बचाया गया है।' पुलिस ने कहा कि भारतीय दंड संहिता, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (POCSO Act) और किशोर न्याय अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हम उन महिलाओं के नाम और संख्या का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं, जिन्हें गिरफ्तार महिला आरोपी ने वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर किया था। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है। आरोपी महिला को अदालत में पेश किया गया है और अभी वह पुलिस की हिरासत में है।

# GVK समूह के उपाध्यक्ष ने राहुल गांधी के आरोपों को किया खारिज

# किसी ओर से कोई दबाव नहीं था

**मुंबई :** अदाणी समूह को मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे बेचने वाले जीवीके समूह ने संसद में राहुल गांधी की ओर से लगाए गए आरोपों को बकवास बताया है। राहुल ने कहा था कि यह हवाईअड्डा अदाणी समूह को दिलाने के लिए केंद्र सरकार ने केंद्रीय एजेंसियों सीबीआई और ईडी से जीवीके समूह पर दबाव डलवाया। जीवीके समूह के उपाध्यक्ष संजय रेड्डी ने एक समाचार चैनल से बात करते हुए कहा, अदाणी समूह या किसी भी अन्य पक्ष की ओर से कोई दबाव नहीं था। उन्होंने कहा कि इस सौदे के एक साल पहले हम निवेश की तलाश कर रहे थे क्योंकि बंगलूरू हवाईअड्डे के अधिग्रहण के समय हमने जो कर्ज लिया था वह हमारे



ऊपर बकाया था। हमें उसे चुकाना था। इसलिए हम निवेशकों या साझेदारों की तलाश में थे। तब हमें तीन निवेशक मिले जो हमारी कंपनी में एक साथ पैसा लगाने के लिए तैयार थे। हालांकि उन्होंने हमारे सामने कई शर्तें रख दीं। डील आगे बढ़ने से पहले कोविड आ गया। इस दौरान तीन महीने तक हवाईअड्डे का कारोबार ठप हो गया और हमें शून्य राजस्व प्राप्त हुआ। इससे हमारे ऊपर और वित्तीय दबाव आ गया। ऐसे में हमने उक्त तीनों निवेशकों से सौदे को जल्द पूरा करने के लिए कहा, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। रेड्डी ने कहा, इसी समय के आसपास गौतम भाई ने मुझसे संपर्क किया और कहा कि उनकी दिलचस्पी मुंबई हवाईअड्डे में है। वह पूरी प्रक्रिया एक महीने में पूर्ण करने के लिए तैयार थे। हमारे लिए यह बहुत अच्छी बात थी।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं 3 - 4, अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट, सोनावला क्रॉस रोड नं 12, गोरगांव (पूर्व), मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1-ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सएप नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com